हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

04 समन्वय की कमी के कारण बनी आक्रोश की स्थिति...

07 नपा अध्यक्ष उप चुनाव, जिला निर्वाचन अधिकारी...




### कांग्रेस ने चांदबड़ से श्यामपुर तक किसानों की समस्याओं को लेकर निकाली न्याय पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन

# महंगी बिजली और किसानों की समस्याओं के लिए कांग्रेस ने किया 16 किमी तक कदमताल

**यात्रा में बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए, कांग्रेस नेता बोले भाजपा कर रही वादा खिलाफी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्र और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियाँ आज आम जनता बहुत परेशान हैं किसान 3 कर्ज के तले दबा जा रहा है उसे अपने फसल के दाम नहीं मिल रहे हैं आमजन और किसान की समस्याओं को उठाने के लिए आज जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेत्रत्व में चांदवड़ से श्यामपुर तक 16 किलोमीटर की आमजन किसान न्याय पदयात्रा निकली इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नेतागण और किसान शामिल हुए चाँदबाद से प्रारम्भ हुई आमजन किसान न्याय पदयात्रा का खजूरिया खंडवा मुंजखेड़ा निवारीया जोड पर जोरदार स्वागत हुआ यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी प्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान प्रदेश कांग्रेस महासचिव सीहोर जिले की प्रभारी जय श्री हरि करण सह प्रभारी दिनेश मेघानी शामिल हुए।इस अवसर पर श्यामपुर बस स्टैंड पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक और किसान शामिल हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा कि वादा तो किसानों की आय दोगुणी करने का हुआ था लेकिन आज लगत लोग नहीं हो गए किसानों को 6000 रुपए सोयाबीन मिलाना चाहिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पूरा तंत्र आज भ्रष्टाचार मैं लगा है आने वाले समय में जनता इनको जवाब देगी पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि 28 करोड़ की लगत से बनी यह सड़क 28 महीने भी नहीं टिक साकी इसमें हुए भ्रष्टाचार पर कार्यवाही होनी चाहिए और किसानों की मांग पूरी होनी चाहिए प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि आज खाद की कमी से शुद्ध प्रदेश का किसान परेशान है सोयाबीन के दाम नहीं मिल रहे और किसानों पर झूठे बिजली के प्रकार सरकार बनवा राही है यदी सरकार नहीं जागी तो कांग्रेस शुद्ध प्रदेश में ईटी बजा देगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने अपने संबोधन में कहा कि आज गांव और हर नगर की जनता अनाप-शनाप बिजली बिलों से परेशान है अधिकारी जनता से दूर व्यवहार करते हैं बिजली विभाग को अपनी कर गुजारियो से बाहर आकार आमजनता को बिजली बिलो से राहत प्रदान करनी चाहिए किसानों को सोयाबीन का दाम 6000 रुपए मिलना चाहिए और उन्हें पर्याप्त भीम राशि मिलाना चाहिए। इस अवसर पर पद यात्रा करने वालो मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, मांगीलाल जाट, राजाराम बड़े भाई, रघुवीर सिंह दागी, राकेश वर्मा, सुनील दुबे,प्रीतम चौरसिया, गुलाब बाई ठाकुर, ममता कीर, भूरा यादव, निशांत वर्मा, विवेक राठौर,अरविंद चौहान,घनश्याम यादव, जितेंद्र सोभाखेड़ी, मनोज परमार घनश्याम मीणा बलवान पटेल,इलियास बिट्टी, अशोक भाटी, महेश मुंडीखेड़ी, जगदीश चौहान, देवेंद्र चौधरी, राकेश वर्मा, हर्षदीप राठौर, के के रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश टांडा के मस्जिद अंसारी, आसिफ अंसारी, देवीसिंह तवंर आदि शामिल थे।

### इन मांगों को लेकर निकाली जा रही पदयात्रा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि यह पदयात्रा किसानों की लगातार उपेक्षा और जनता की परेशानियों को उजागर करने के लिए निकाली जा रही है। स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिलों में गड़बड़ी हो रही है और उपभोक्ताओं को गलत नोटिस थमाए जा रहे हैं। बिजली दरें बेतहाशा बढ़ाई गई हैं, जिससे किसानों और आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। 28 करोड़ की लागत से बनी श्यामपुर रोड पूरी तरह खराब हो चुकी है। गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। श्यामपुर ओवरब्रिज के दोनों ओर की सड़कों की हालत खराब है। इसकी मरम्मत और दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई है। हाल ही में किसानों को जो फसल बीमा राशि दी गई है, वह बीमा प्रीमियम से भी कम है। कहीं-कहीं किसानों को एक पैसा भी नहीं मिला। खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए और सोयाबीन का समर्थन मूल्य ₹6000 प्रति क्विंटल तय किया जाए। 1 सितंबर को कांग्रेस कार्यालय में पुलिस की मौजूदगी में हुई घटना में एकतरफा कार्रवाई की गई। इसमें भाजपा नेताओं पर भी **FIR** दर्ज की जाए। ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगे और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाए और निष्पक्ष चुनाव आयोग की व्यवस्था हो।

## खबर संक्षेप

### न्यायालयीन प्रकरण की पंजी संधारण करने के निर्देश

**सीहोर।** सिविल न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालयो में राज्य शासन के विरुद्ध या राज्य शासन द्वारा सिविलवाद, अपील, पिटीशन, एसएलपी प्रस्तुत की जाती है। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वो अपने कार्यालय में प्रकरणों के संबंध में न्यायालयीन पंजी संधारित की जाए। पंजी के अतिरिक्त प्रकरण से संबंधित नस्ती पृथक से संधारित की जाए। नस्ती मे वादपत्र, आवेदन पत्र, पिटीशन, अपील मेमो की प्रति जवाब दावा, दस्तावेज, निर्णय एवं आदेश की नकल आदि दस्तावेज रखे जाए। उन्होनें कहा कि कार्यालय मे अभिलेखो के संधारण के लिए एक लिपिक को प्रभार में दिया जाये। जब भी अधिकारी का स्थानांतरण पर कार्यभार ग्रहण करे तो यह पंजी का अवश्य ही अवलोकन करे एवं भविष्य मे स्थानांतरण पर पंजी का प्रभार देकर ही भारमुक्त किया जाए। पंजी एवं नस्तियो के संधारण की जानकारी 30 सितंबर,2025 तक प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक टीएल बैठक मे समीक्षा की जाए।

### 4 साल के मासूम की घूड़े में गिरने से हुई मौत



**जावर।** जावर तहसील के ग्राम गुराड़िया वर्मा में घुड़े में गिरने से 4 साल के मासूम उमेश पिता दीपक विश्वकर्मा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा लकड़ी पर झूलते हुए खेल रहा था और अचानक लकड़ी टूट जाने से घुड़े में जा गिरा जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई। जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल को जानकारी मिलते ही अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच मृत बच्चे को निकाला। बताया गया कि गड्ढे में बारिश का पानी भी भर गया था। जानकारी अनुसार माता पिता मजदूरी करते थै। 2 बच्चे थे और जिस समय बच्चा गिरा माता पिता घर के काम में व्यस्त थे।

### पिछले 24 घंटे में 14.4 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 14.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 6.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 6.2, आष्टा में 21.0, जावर में 65.4, इछावर में 7.0, भैरूंदा में 7.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 2.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## आगामी पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**नलखेड़ा।** आगामी नवरात्रि पर्व सहित अन्य पर्वों को लेकर स्थानीय पुलिस थाने पर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। गुरुवार को एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव, सीईओ जनपद पंचायत अश्विनी पाटीदार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक पुलिस थाना परिसर में संपन्न हुई। बैठक में आगामी नवरात्रि पर्व पर सार्वजनिक पांडालों में घट स्थापना के दौरान नियत समय तक गरबा करने, गरबा स्थल पर ध्वनि विस्तार यंत्रों की आवाज तय सीमा में रखने के निर्देश दिए गए। पर्व के दौरान बिजली प्रदाय सुचारू रखने के भी निर्णय सहित शासन के अन्य निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति सदस्य, पत्रकार आदि उपस्थित थे।

### विकासखंड स्तर पर होंगे एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** शासकीय सेवकों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके जीवन में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने के लिए राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार जिले में विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनमें आमजन से सीधे जुड़ाव रखने वाले राजस्व, पुलिस, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने बताया कि अल्प विराम परिचय कार्यक्रम आगर में 23 सितम्बर को जिला पंचायत में आयोजित होगा। बड़ौद में 24 सितम्बर, नलखेड़ा में 25 सितम्बर, सुसनेर 26 सितम्बर को जनपद पंचायतों में कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले शासकीय सेवकों की सूची विभागों द्वारा 22 सितम्बर तक ई-मेल पर उपलब्ध करवाना होगी।

### नवरात्रि के अवसर पर आदि शक्ति को समर्पित शक्ति पर्व 22 सितंबर को नलखेड़ा में आयोजित होगा




**नलखेड़ा।** मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति पर्व का आयोजन 22 सितंबर को सायं 6:30 बजे से मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में किया जाएगा। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में आदि शक्ति की महिमा और वैभव को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत आगर मालवा की लोकगायिका रागिनी मालवीय भक्ति लोकगायन की प्रस्तुति देंगी। इसके बाद नटराज अकादमी, भोपाल के कलाकार मां के नौ रूपों पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। वहीं संतोष अग्निहोत्री एवं साथी, इंदौर द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत कर मंदिर परिसर को माता के जयकारों से गुंजायमान किया जाएगा। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं कला प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर देवी आराधना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## अज्ञात वाहन ने 3 गोवंश को कुचला दो की मौत, एक घायल

**ग्रामीणों का आरोप तेज रफ़्तार रेत के वाहन से दुर्घटना, एक माह में 30 गोवंश की सड़क हादसे में हो चुकी है मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सीहोर-भैरूंदा मार्ग पर गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे गांव छिदगांव मोजी में एक तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीन गोवंश को कुचल दिया। इससे दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुई। ग्रामीणों ने घायल गोवंश का इलाज कराया। ग्रामीणों ने कहा गांव कोई भी गोशाला नहीं है। इस कारण गोवंश सड़क पर बैठ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

छिदगांव मोजी के स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 5 बजे के आस पास सड़क पर बैठीं गायों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय घयल हो गई। मृतक गायों को दफन कर दिया गया। घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गायों का झुंड प्रतिदिन सड़क पर बैठता है, रेत के वाहनों की रफ्तार से आए दिनों गोवंश की मौत हो रही है। जिससे कई बार बाइक सवार गायों से टकरा जाते हैं और लोगों की जान भी जा चुकी है।

उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा गोवंश के संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही, जिससे सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। प्रशासन से मांग है गावों में स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। ताकि गांव के छोटे बच्चे और गोवंश सड़क हादसों का शिकार न हो।

**सड़क पर गौवंश, दुर्घटनाओं का हो रही शिकार, राहगीर भी परेशान :** ग्रामीणों ने बताया वर्तमान समय मे गौवंश सबसे बुरी दशा से होकर गुजर रहा है। भूख के कारण कही भी गाये पालीथिन खाती देखी जा सकती है या चौक चौराहों पर झुंड में देखी जा सकती है। जिससे वाहनों की तेज़ गति से सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हो रही है। वहीं गांवो से भगाया हुआ गौवंश का झुंड सड़को को अपना ठिकाना बनाये हुए है। छिदगांव मोजी में एक महीने में करीबन 25 से 30 गोवंश सड़क दुर्घटना का शिकार हुई हैं। रात के अंधेरे में तेज़ गति से चलने वाले रेत के वाहनों से दुर्घटना से गौवंश की मौत हो रही है। वहीं राहगीर भी हादसों का शिकार हो रहे है। प्रशासन से गोवंश की सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने ओर गांव में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगामी समय में सड़क पर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करेंगे।

## पोषण माह के तहत पुरुष सहभागिता थीम पर जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**नलखेड़ा।** राष्ट्रव्यापी अभियान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत पोषण माह के दौरान शुक्रवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और परियोजना स्तर पर पुरुष सहभागिता थीम पर जागरुकता कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में पुरुषों और बालकों में सामुदायिक शपथ और देखभाल पर पोषण चौपाल और पिता केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुषों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं संतुलित और पौष्टिक आहार ग्रहण करेंगे और अपने परिवार की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देंगे। साथ ही, समाज में पोषण संबंधित जागरुकता का प्रसार करेंगे और दूसरों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करेंगे। परियोजना कार्यालय नलखेड़ा में आयोजित परामर्श सत्र के दौरान कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी और जिला समन्वयक ने सहभागिता की।




**110 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श, नाक, कान, गले की जांच की**

## रोग निदान शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े अंतर्गत नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा नगर में निःशुल्क नाक, कान, गला एवं सिर, मुख, गला कैंसर रोग निदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर रोड स्थित रैन बसेरा परिसर में आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत ने बताया कि शासन निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भिन्न भिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में 19 सितम्बर को रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक मरीजों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श के साथ दवा वितरण किया गया। ऑपरेशन योग्य मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर अत्यंत रियायती दरों पर वेलो ईएनटी हॉस्पिटल इंदौर में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किया जाएगा। राजपूत ने बताया कि निःशुल्क नाक, कान, गला एवं सिर, मुख, गला कैंसर मरीजों की डॉक्टर संध्या जैन की प्रशिक्षित टीम द्वारा 110 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर में नाक कान गले की निःशुल्क जांच दूरबीन से की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, पार्षद गोवर्धन वेदिया, इसाक खा, वंदना जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश गवली, मनोज गायरी, अंबाराम बेगाना, निलेश लोढ़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत सहित निकाय कर्मचारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## आयुक्त ने किया कचरा संग्रहण गाड़ियों के डिपो का निरीक्षण



**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा शहर मे घरों घर कचरा संग्रहण करने वाली कचरा गाड़ियों के सुचारू संचालन करने के निर्देश देने के उपरांत शुक्रवार को उज्जैन रोड स्थित गाड़ियों के संधरण, संचालन के डिपो का निरीक्षण प्रातः कालीन निरीक्षण के दौरान किया गया। साथ ही वार्ड 23, 25, 26 की सफाई कार्य का भी सघन निरीक्षण कर इन वार्ड क्षेत्रों मे किसी भी तरह से कचरा पाईंट नही बन पाए। आयुक्त के द्वारा डिपो के निरीक्षण मे कचरा गाड़ियों के संचालन पर जीपीएस सिस्टम की जानकारी ली गई। जिसमे उनके द्वारा पुछा गया कि जीपीएस केसे कार्य कर रहा है। ड्रायवर स्टॉप लेने पर कैसे उसकी कार्यवाही करते है एवं प्रतिदिन किलो मिटर की जानकारी चाही।

## भाजपा द्वारा प्रबुद्ध वर्ग जनसंवाद संगोष्ठी आज

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी देवास द्वारा प्रबुद्ध वर्ग जन संवाद अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को शाम 6.30 बजे मल्हार स्मृति मंदिर में किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई उपलब्धियों पर संवाद स्थापित करना है।

### शहर में होर्डिंग-पोस्टर हटाने पर निगम परिसर में जमकर हुआ हंगामा

# समन्वय की कमी के कारण बनी आक्रोश की स्थिति, अब समन्वय हो चुका है: विधायक

शहर में पोस्टर हटाने को लेकर पिछले दो दिनों तक जारी विवाद विधायक के संज्ञान के बाद थमा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सार्वजनिक स्थानों पर नेताओं के होर्डिंग-पोस्टर हटाने पर गुरुवार रात जमकर हंगामा हुआ। विधायक गायत्री राजे पवार के पुत्र विक्रमसिंह समर्थकों के साथ सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। मामला इतना बढ़ा कि भीड़ नगर निगम परिसर तक पहुंच गई और नारेबाजी-धरना शुरू कर दिया। दरअसल, गुरुवार सुबह से ही नगर निगम का अमला खंभों और चौराहों से नेताओं के पोस्टर उतार रहा था। इसका विरोध करते हुए भाजपा नेता दिन में कमिश्नर दलीप कुमार से भी मिले थे। शाम को मामला तूल पकड़ गया और रात 9 बजे विधायक पुत्र विक्रमसिंह सयाजी द्वार से उज्जैन चौराहे तक पहुंचे, जहां सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद सैकड़ों समर्थकों संग निगम दफ्तर पहुंचे। यहां विक्रमसिंह ने सीएसपी सुमित अग्रवाल से गुस्से में कहा- 'ये शहर हमारा है, निगम भवन भी हमने बनवाया है, ऐसा न हो कि इसे तोड़ना पड़े।' हंगामे के बीच महापौर गीता अग्रवाल के पति व प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी पहुंच गए और धरने में शामिल हुए। कुछ देर बाद निगम के अंदर बातचीत हुई और समर्थकों को दो पोस्टर लौटाए गए। रात 10:35 बजे हंगामा खत्म हुआ और भीड़ माता रानी के जयकारे लगाते हुए लौट गई।

### पार्षदों ने लगाए आरोप

दूसरे दिन शुक्रवार को भी निगम द्वारा नवरात्रि के दौरान लगाए गए धार्मिक फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई पर विवाद गहरा गया। शुक्रवार को स्थानीय पार्षदों ने निगम की टीम द्वारा हटाए गए फ्लेक्स को नालों में फेंके जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और फ्लेक्स ले जा रहे ट्रैक्टर को रोक दिया। पार्षदों का आरोप है कि निगम कर्मचारी हटाए गए धार्मिक फ्लेक्स और बैनरों को नालों में फेंक रहे हैं। उन्होंने इसे आस्था का अपमान और स्वच्छता अभियान का उल्लंघन बताया। पार्षदों ने निगम प्रशासन पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि यह कार्रवाई नहीं रोकी गई तो विरोध और तेज किया जाएगा। पार्षद धर्मेंद्र सिंह बेस ने कहा, 'नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर लगाए गए धार्मिक फ्लेक्स को जिस तरह से हटाकर नालों में फेंका जा रहा है, वह अस्वीकार्य है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि इस प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। इस घटनाक्रम के बाद शहर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सत्तापक्ष के नेता मनीष सेन ने कहा कि नए निगम आयुक्त से अभी किसी जनप्रतिनिधि की मुलाकात नहीं हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि फ्लेक्स हटाने हैं तो जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर पूरी योजना बतानी चाहिए। सेन ने चेतावनी दी कि तानाशाही रवैया स्वीकार नहीं किया जाएगा और धर्म का अपमान नहीं होने दिया जाएगा।

### विवाद विधायक के संज्ञान के बाद थमा



शहर में पोस्टर हटाने को लेकर पिछले दो दिनों तक जारी विवाद विधायक पवार के संज्ञान के बाद थमा। मामले में विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि शहर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होते है, उनके प्रचार प्रसार के लिए फ्लेक्स बेनर लगाए जाते है। जो फ्लेक्स लगाए जाते हैं वो भी साज सज्जा के अंग है। उन्हें गलत तरीके से हटाया गया जिसको लेकर लोगों में आक्रोश था। समन्वय की कमी थीं। इसको बड़ी आसानी से हल किया जा सकता था। अब समन्वय हो चुका है, जो फ्लेक्स पुराने लगे है उन्हें नहीं निकाला जाएगा और नए फ्लेक्स नहीं लगाए जाएंगे।

# खातेगांव पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को पकड़ा

### ऑपरेशन हवालात के तहत की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना खातेगांव पुलिस के द्वारा एनडीपीएस एक्ट संबंधी प्रकरण में 02 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी चिंटू उर्फ अनिल पिता भगतसिंह माली उम्र 28 साल निवासी नर्मदा कालोनी खातेगांव, दिनेश जाट पिता तुलसीराम जाट निवासी नर्मदा कालोनी खातेगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें मे "ऑपरेशन हवालात" की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों की की गिरफ्तारी पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना खातेगांव के द्वारा संबंधी प्रकरण मे अपराध क्रमांक 688/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं प्रकरण क्रमांक 07/23 के स्थाई वारण्टी आरोपी को गिरफ्तार किया गया।गुरुवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली फरार स्थाई वारंटी आरोपियों को पीथमपुर जिला धार में देखा गया है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की धरपकड़ हेतु टीम को रवाना किया। त टीम ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## चैंपियनशिप का आयोजन 27 और 28 को



**देवास।** जिला आट्या-पाट्या एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सीनियर आट्या-पाट्या महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन 27 एवं 28 सितंबर को पद्मजा हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में इंदौर, खंडवा, उज्जैन, आगर, शाजापुर एवं देवास की टीमें भाग लेंगी एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन भी किया जाएगा। आयोजन समिति डॉ कोमल जैन, पी.एम. तिवारी, स्वप्निल जैन, पंकज वर्मा, शिवनारायण टांडी एवं अनिल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संचालित होगी। खिलाड़ियों की आवास एवं भोजन व्यवस्था संगठन के द्वारा की जाएगी।

## कांग्रेसजनों ने नवागत निगम आयुक्त को सौंपा मांग पत्र



**देवास।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को नवागत नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार से सौजन्य भेंट की। शइस दौरान शहर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक मांगपत्र सौंपा गया। मांगपत्र में उल्लेख किया गया कि आगामी समय में नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। इस दौरान देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालु चामुंडा माता एवं तुलजा भवानी माता के दर्शन हेतु देवास पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम द्वारा आवश्यक तैयारियां की जाएं। कांग्रेसजनों ने मांग की कि बारिश के कारण सडक़ों पर बने गड्ढों का शीघ्र पेचवर्क कर सुधार किया जाए, ताकि नंगे पैर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई न हो। सडक़ किनारे चलित शौचालय एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। शहर के चारों मार्गों पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, क्योंकि दर्शनार्थियों का आना-जाना 24 घंटे चलता रहता है। साथ ही कांग्रेसजनों ने निगम आयुक्त से अनुरोध किया कि वे देवास शहर के सभी वार्डों का निरीक्षण करें, विशेषकर उन वार्डों का जहां कांग्रेस पार्षद हैं। इन वार्डों में कई निर्माण कार्य स्वीकृति के बावजूद प्रारंभ नहीं किए गए हैं। इसके अलावा उज्जैन बायपास मार्ग के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, प्रदीप चौधरी, भगवान सिंह चावड़ा, शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रितेश त्रिपाठी, नगर निगम में पार्षद प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार, पार्षद दीपेश कानूनगो, डॉ. श्याम पटेल, आबिद खान, राजेश डागी, प्यारे मियां पठान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## डॉजबॉल खिलाड़ी चंडीगढ़ रवाना, जापान में करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व



**देवास।** मध्यप्रदेश डॉजबॉल संघ के अध्यक्ष पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर ने बताया कि देवास कि प्रतिभावान डॉजबॉल खिलाड़ी राशि प्रवीण सांगते, भोपाल के पुष्कर राजपूत , हर्ष पटेल ,जबलपुर के यधवर्धन स्वामी,खड़गोंन के युवराज पाटिल, शुभम भावर , भावेश चौहान, नीमच की डेलिशा खान, अक्षरा अहीर का चयन जापान के चिबा में 25 से 30 सितंबर 2025 तक होने वाली एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप में हुआ। सभी चयनित खिलाड़ी भारतीय डॉजबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश डॉजबॉल संघ के सचिव प्रवीण सांगते ने बताया कि भारतीय टीम का कोचिंग केम्प चंडीगढ में 20 से 24 सितंबर 2025 तक सम्पन्न होगा। इसके पश्चात भारतीय टीम जापान के लिए रवाना होगी। खिलाड़ियों के चयन पर प्रतिभा सिटेंक्स कम्पनी के एम डी श्रेयस्कर चौधरी, प्रेरणा चौधरी, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, मध्यभारत थ्रोबाल संघ के अध्यक्ष विकास जायसवाल, समीक देसाई, अजीत सिंह खनूजा, अनिल भट्ट, ईको लव एम डी, महेंद्र सिंह सिसोदिया प्रचारीय सरस्वती विद्या मंदिर आदि ने बधाई दी।

### डांडिया नाइट्स इवेंट्स पर लगे रोक

# हिंदू जागरण मंच ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में एक बड़ा मुद्दा सामने आया है। हिंदू जागरण मंच एवं समस्त हिंदू समाज, देवास ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें होटलों और उद्यानों में आयोजित होने वाले गरबा व डांडिया कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि केवल मनोरंजन का पर्व नहीं बल्कि आस्था और भक्ति का प्रतीक है। यह मां दुर्गा की आराधना का समय है, लेकिन बीते कुछ वर्षों से शहर में गरबा नाइट्स और डांडिया नाइट्स जैसे व्यावसायिक आयोजन बढ़ रहे हैं। इन आयोजनों से नवरात्रि की पवित्रता और धार्मिक गरिमा को ठेस पहुँच रही है। ज्ञापन में हिंदू जागरण मंच ने बताया कि आयोजनों में अश्लील वेशभूषा और फिल्मी गीतों पर नृत्य किया जाता है, जो परंपरा के विरुद्ध है। मंच का आरोप है कि इन कार्यक्रमों में गैर-हिंदुओं को प्रवेश दिया जाता है, जिससे धार्मिक पवित्रता भंग होती है और 'लव जिहाद' जैसी घटनाओं की आशंका रहती है। मंच का कहना है कि गरबा एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसे केवल उन्हीं स्थानों पर आयोजित किया जाना चाहिए जहाँ विधिवत मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो और पूजा-अर्चना की जा रही हो। होटलों और व्यावसायिक उद्यानों में होने वाले आयोजन पूरी तरह से बंद किए जाएं। ज्ञापन में जिला प्रशासन से आग्रह किया गया कि इस नवरात्रि में होटलों व उद्यानों में आयोजित होने वाले गरबा-डांडिया कार्यक्रमों को अनुमति न दी जाए। यदि किसी को पहले से अनुमति दी गई है तो उसे तत्काल निरस्त किया जाए। मंच ने चेतावनी दी कि यदि इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# पीएम श्री विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में शुक्रवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील शुक्ला, उप सरपंच अतिक ज़ैदी एवं अभिभाषक प्रवीण चौधरी तेजसिंह सेंधव जीवन जाट, मनोज कानूनगो,कैलाश वैष्णव, सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर ने शासन की निःशुल्क साइकिल योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कक्षा 6 व 9 के बालक व बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के लिए यह योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं का समय बचेगा और शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी। साइकिल प्राप्त करने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी और वे अधिक उत्साह से अध्ययन कर सकेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्टॉफ की सराहना करते हुए पुष्पमाला से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेश विंजवा ने सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों और स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र जाट ने किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य महेशचंद्र बिंजवा, रीना मंडलोई, अमृता रघुवंशी, उर्वशी तिवारी, इंदर सिंह लिलोरिया, नसरीन खान, सीताराम मालवीय, ओम कँवर राणावत, रेखा जैन, रामचंद्र जाट, कैलाश कारपेंटर, पुष्पा ठाकुर, पंकज पाटीदार, अरविंद वैष्णव, दीपिका तिवारी, अनीता गोस्वामी, ज्योति जाट, दीपक वागेला, दिनेश विश्वकर्मा, रूपाली सेंधव, अशोक गोयल, आकाश दीप त्रिपाठी, नरेन्द्र पटेल, धानुक सर, फौजिया खान, भरत बैरागी, प्रहलाद दास बैरागी, कन्हैयालाल शर्मा, कमल सिंह चौहान, बाबूलाल चौहान सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### जर्जर रोड से नवरात्रि में गुजरेंगे नगर सहित आसपास के श्रद्धालु

# शक्ति माता मंदिर पर नवरात्र में होते है कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नवरात्र शुरु होने में कुछ ही दिन शेष है, ऐसे में माता के मंदिरों में रंगाई पुताई सहित साज सज्जा की तैयारी चल रही है। क्षेत्र का एकमात्र भव्य अतिप्राचीन शक्ति माता मंदिर जहां श्रद्धालु नवरात्रि में प्रतिदिन हजारों की संख्या दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वही कई श्रद्धालु नवरात्रि में प्रतिदिन अलग अलग प्रकार के उपवास रख माता की आराधना करते हैं। वही कई श्रद्धालु नौ ही दिन चप्पल पहना भी छोड़ देते हैं। अब हम बात कर रहे है शक्ति माता मंदिर पहुंचने वाले उस पंडक पाला मार्ग की जहां लोगों का बाहर निकलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार है। यह रोड़ काफी गड्ढों से भरा हुआ है इस रोड़ पर आए दिन कीचड़ व पानी के डूबने भरे रहते हैं जो राहगीरों के लिए भी मुसीबत का कारण बनते है। इस नवरात्रि से पूर्व नगर परिषद को इस मार्ग पर मूरम व चुरी डलवाना चाहिए जिससे नगर वासियों सहित आसपास के श्रद्धालु को इस मार्ग से निकलने में आसानी हो सकेगी।

### क्या कहते हैं जवाबदार





इस संबंध में जब नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि मुझे अभी ज्वाइन हुए दो दिन ही हुए हैं। मुझे इस बात की जानकारी नहीं थी आपके द्वारा पता चला है। जल्द ही नवरात्रि से पहले इस रोड पर मूरम व चुरी डलवा दी जाएगी जिससे श्रद्धालुओं को निकलने में दिक्कत ना हो। नगर की अन्य समस्या का भी जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

## पुजारी संप्रदाय ने मां तुलजा भवानी को अर्पित किया 10 ग्राम सोने का टीका और 2 किलो का चांदी का मुकुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



माँ चामुण्डा टेकरी पर अपनी पीढियों से सेवा दे रहे नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवारों ने एक बार फिर अपनी निष्ठा और ईमानदारी का परिचय देते हुए माँ तुलजा भवानी को 10 ग्राम सोने का टीका और 2 किलो चांदी का मुकुट विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अर्पित किया।नाथ सम्प्रदाय अध्यक्ष अशोक नाथ पुजारी ने जानकारी दी कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से दिए गए सोने-चांदी के आभूषणों को पुजारीगण वर्षों तक संजोते हैं। जब एक पर्याप्त मात्रा एकत्रित हो जाती है, तब उन्हीं आभूषणों का सही उपयोग कर मां को नवनिर्मित आभूषण अर्पित किए जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में नाथ सम्प्रदाय के संरक्षक एवं देवास विधायक गायत्रीराजे पवार के मार्गदर्शन में कार्य होता है।

पुजारीगण विधायक और कलेक्टर की उपस्थिति में ही आभूषण अर्पित करते हैं, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। नाथ सम्प्रदाय ने स्पष्ट किया कि इस पुण्य कार्य में जिला प्रशासन की कोई भूमिका नहीं होती, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी इस सेवा कार्य का श्रेय लेने का प्रयास करते हैं, जो अनुचित है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी 9 अप्रैल 2024 को माँ चामुण्डा को रजत व स्वर्ण आभूषण अर्पित किए गए थे। यह परंपरा न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में ईमानदारी और धर्मनिष्ठा का भी संदेश देती है। नाथ सम्प्रदाय का यह सेवा भाव निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणास्पद है, जिसे मान्यता और सम्मान मिलना चाहिए।

**खबर संक्षेप**



## डीआरएम के आगमन पर हुआ मेगा कैम्प का आयोजन

**ललितपुर।** मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर ललितपुर रेलवे स्टेशन पर मेगा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे सैलरी पैकेज के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें एसबीआई बैंक की तरफ से क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक हिमांशु कुमार उपस्थित हुये सभी कर्मचारियों को एसबीआई के लाभ के बारे में बताया गया। कैम्प में लगभग 65 कर्मचारी शामिल हुए, जिसमें से करीब 05 कर्मचारियों ने एसबीआई में अकाउंट खोलने हेतु आवेदन किया और 11 कर्मचारियों ने वेतन खाता को एसबीआई में परिवर्तित करने हेतु आवेदन किया। साथ ही उपस्थित 65 कर्मचारियों को कर्मचारी कल्याण निरीक्षक द्वारा यूपीएस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। हाल ही में हुए यूपीएस में कुछ बदलाव के बारे में बताते हुए मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कर्मचारियों की शंका का समाधान करते हुए यूपीएस के लाभ के बारे में बताया।

## बीज मिनीकिट वितरण में किसान करें आवेदन

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा रबी 2025-26 में निशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण हेतु किसानों द्वारा आवेदन/बुकिंग प्रारंभ की गयी है। बताया कि दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम अन्तर्गत रबी 2025-26 में दलहन फसलें चना, मटर, एवं मसूर तथा तिलहन फसल सरसों के बीज मिनीकिट किसानों को मुफ्त में उपलब्ध कराये जायेंगे। इन मिनीकिटों के लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जायेगा। कहा कि इच्छुक किसान जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते है, उन्हे कृषि दर्शन-2.0 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से बुकिंग/आवेदन कराना होगा। यह बुकिंग 1 से 25 सितम्बर 2025 तक होगी।

## सीनियर लिपिक की कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक चोरी

**ललितपुर।** सिटी चौकी अंतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा शिव मंदिर के पास डोंडाघाट निवासी अनिल साहू पुत्र स्व.जानकी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह कलेक्ट्रेट में सीनियर लिपिक के पद पर कार्यरत है। वह अपने छोटे भाई राजकुमार साहू के नाम से पंजीकृत वाहन संख्या यू.पी.94 पी 8345 एच.एफ.डीलक्स लेकर 17 सितम्बर को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने टीनशैड के नीचे वाहन को खड़ा कर दिया और ऑफिस जाकर कार्य करने लगा। बताया कि अपराह्न करीब 2 बजे वह टीनशैड में मोटर साइकिल लेने पहुंचा, तो वहां से बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### बैठक में उप निर्वाचन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

# नपा अध्यक्ष उप चुनाव, जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑफिसरों को बाटें दायित्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन में विभिन्न व्यवस्थाओं को समयानुसार पूर्ण करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सम्बधित प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारियों को निर्देश दिये कि उप निर्वाचन हेतु बनाये गए मतदान केन्द्रों पर विद्युत, पेयजल, छायादार स्थान, प्रकाश, खिडकी दरवाजे आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जायें, इसके लिए 5-5 लेखपालों को लगाकर सत्यापन कराया जाए और निर्धारित प्रारुप पर सत्यापन रिपोर्ट ली जाये। जिन केन्द्रों पर विद्युत संयोजन नहीं हैं, वहा विद्युत विभाग द्वारा तत्काल संयोजन की व्यवस्था करायी जाए। इसके अलावा सभी आरओ/एआरओ पूरी गंभीरता के साथ आरओ बुक का अध्ययन कर लें, ताकि बाद में कोई समस्या न हो। बैठक में बताया गया कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिसके अंतर्गत 19 से 29 सितम्बर तक नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, 30 सितम्बर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 03 अक्टूबर को अभ्यर्थन वापसी, 06 अक्टूबर को प्रतीक आवंटन, 15 अक्टूबर को मतदान एवं 17 अक्टूबर को मतगणना निर्धारित है। मतदान के लिए जिले के 26 वार्डों में 49 मतदान केन्द्र व 613 मतदान स्थल बनाये गए हैं, जिन्हें 02 जोन व 10 सेक्टरों में बांटा गया है। उप निर्वाचन में जिले के 130908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिनमें 68177 पुरुष व 62731 महिला मतदाता शामिल हैं। साथ ही मतदान टोलियों की रवानगी हेतु 28 बसें लगायी गई हैं। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के लिए डीपीओ नीरज सिंह को रिटर्निंग ऑफीसर व उद्यान अधिकारी राजेन्द्र साहू को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। साथ ही निर्वाचन सम्बंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारियों/सह प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, जो पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर दायित्वों की पूर्ति करेंगे। बैठक में एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम नमामि गंगे, सीडीओ, एसडीएम सदर, सीओ सिटी, डीडीओ, डीसी रोजगार, डीएसओ, डीपीओ, उद्यान अधिकारी, डीपीआरओ, बीएसए, ईओ नगर पालिका, आबकारी अधिकारी समेत अन्य प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी मौजूद रहे।

### नमामी गंगे पर की परिचर्चा

# विद्यालय में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा पर्व




**ललितपुर ।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 'नमामी गंगे' परिचर्चा और जनजागरण कार्यक्रम के साथ 'स्वच्छता ही सेवा पर्व' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रशासन द्वारा गंगा समिति के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने 'नमामी गंगे' मिशन के उद्देश्यों पर एक संगोष्ठी में हिस्सा लिया, जिसमें गंगा और उसकी सहायक नदियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व पर चर्चा की गई। इसके बाद छात्राओं ने रंगोली और पोस्टर बनाने के साथ भाषण में सहभागिता की ' छात्रों द्वारा 'गंगा स्वच्छता' का संकल्प लिया गया और एक जागरूकता रैली भी निकाली गई ' कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना है। 'स्वच्छता ही सेवा' की भावना को हम उनके मन में बचपन से ही स्थापित करना चाहते हैं।

परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया की राष्ट्रिय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पर्व में स्वच्छता शपथ, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली, भाषण, प्रभात फेरी और स्वच्छता ड्राइव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ' कक्षा 10 की छात्रा साक्षी को विद्यालय का नदी प्रेरक चुना गया ' कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष गौड़, शिक्षिका शिवानी सक्सेना, सीमा वर्मा, नेहा गोस्वामी, खुशबू राजे, करुणेश नामदेव, प्रियंका राजपूत, मानसी खटीक, श्रुति यादव, रानी योगी आदि उपस्थित रहे '

### मौके पर जाकर निरीक्षण किया

# घटवार में हत्या के मामले में दो आरोपी और पकड़े गए




**ललितपुर।** विगत दिनों घटवार में हुयी मजदूर की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो और अभियुक्तों को पकडने में सफलता हांसिल की है। बताया गया है कि एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 1054/2025 धारा 352, 131, 103(1) बीएनएस के वांछित घटवार निवासी नत्थू उर्फ नथूराम पुत्र महादेव एवं बलराम पुत्र सन्तराम को हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर बताया गया है कि तत्समय घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मार्टम की कार्यवाही करायी गयी थी तथा घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीमे गठित कर 02 नफर अभियुक्तगण रणवीर उर्फ रनवीर कबूतरा व गोपाल को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। उसी क्रम में मुकदमे में वांछित अन्य 02 नफर अभियुक्तों नत्थू व बलराम उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है। हत्यारोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, निरीक्षक हरिनाथ सिंह, का. विकास, का.दिपेन्द्र कुमार, का. विवेक राठौर आदि शामिल रहे।

### महरौनी विधानसभा में आयोजित मेले में 9 कंपनियों ने 985 का साक्षात्कार लिया

# रोजगार मेले में हुआ 629 अभ्यर्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला सेवायोजन कार्यालय, के तत्वाधान में स्व० रवीन्द्रानन्द बड़ौनिया महाविद्यालय, महरौनी जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उप्र शासन मनोहर लाल मन्नू कोरी एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत के प्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री दुष्यन्त बड़ौनिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो० हरिहर मोहन तिवारी द्वारा किया गया। मेले का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर एवं सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम श्रीमती आकाँक्षा यादव जिला सेवायोजन अधिकारी ललितपुर द्वारा वृहद रोजगार मेले में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का सभी नियोजकों से परिचय कराया तथा अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। वृहद मेले के साथ ही कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउन्सलर डा० प्रियम्वदा सुडेले, ने अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु स्नातक एवं परास्नातक के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। वृहद रोजगार मेले में कुल 9 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, तथा 985 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 629 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिनमें में कुछ चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र दिये गये । अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डा केके सिंह ने वृहद रोजगार मेले में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा वृहद रोजगार मेले की सराहना करते हुए भविष्य में इसी तरह के आयोजनों को कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय से अनुरोध किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु अपना योगदान दिया गया

## नवप्रवर्तन प्रदर्शनी 30अक्टूबर को, प्रतिभाग करने का मौका

**ललितपुर।** जनपद में जिला स्तरीय नवप्रवर्तन (इनोवेशन) प्रदर्शनी का आयोजन 30अक्टूबर को राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर में होना है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों को 20 अक्टूबर से पहले आवेदन करना होगा। प्रदर्शनी में ऐसे नवप्रवर्तक (इनोवेटर) शामिल हो सकते हैं जिन्होंने किसी काम को सुगम और आसान बनाने के लिए या मानव कल्याण के लिए कोई तकनीक, औषधि, यंत्र, उपकरण आदि का आविष्कार किया हो। इसमें न सिर्फ विद्यार्थी बल्कि किसान,मजदूर,शिल्पकार,मैकेनिक या कारीगर आदि भी प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रदर्शनी में तकनीकी विशेषज्ञ इनके नवप्रवर्तन का मूल्यांकन करेंगे। चयनित इनोवेटर से संबंधित पेटेंट का कार्य 15000 रुपये से कराया जाएगा। प्रथम पुरस्कार 8000 रु, द्वितीय 5000 रु, और तृतीय पुरस्कार 3000 रुपये दिया जाएगा। 2000 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक राहुल जैन से सम्पर्क कर सकते हैं।

### सीएमओ में सर्पगंज जागरूकता दिवस पर की गोष्ठी

# ग्रामीण क्षेत्र में सर्वाधिक सर्पदंश के मामले को लेकर किसानों को किया गया जागरुक

**ललितपुर ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में सर्पदंश जागरूकता दिवस के अवसर पर गोश्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग दिनांक 19 सितम्बर 2025 से 28 सितम्बर 2025 तक सर्पदंश पखवाडा मनायेगा।

इस दौरान सर्पदंश के प्रांरभिक प्रबंधन पर प्रषिक्षण एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम किये जायेगे। नोडल अधिकारी राश्ट्रीय संर्पदंष नियंत्रण कार्यक्रम डा0 आर0एन0 सोनी ने बताया कि बरसात के मौसम में सांप अधिक निकलते है ऐसे में सर्पदंश की घटनाये बढ़ जाती हैं। सावधानी बरतने एवं सही समय पर इलाज कराने से सर्पदंश पीड़ति की जान बचायी जा सकती हैं। डा देषराज सिंह दोहरे जिला एपीडिमोलॉजिस्ट ने बताया कि




षासन के निर्देषानुसार जिले की समस्त सामु0/प्रा0स्वा0केन्द्रो पर एन्टी स्नेक वेनम की उपलब्धता की गयी हैं एवं कार्मिको को प्रषिक्षण भी प्रदान किया गया हैं। अतः किसी भी सर्पदंष से ग्रसित व्यक्ति को देर न करते हुये नजदीकी सामु/प्रास्वा केन्द्र/जिला अस्पताल ले जाकर षीघ्र अति षीघ्र उपचार हेतु चिकित्सक से परामर्ष ले। पब्लिक हैल्थ स्पेषलिस्ट डा सौरभ सक्सेना ने बताया कि सर्पदंश होने पर व्यक्ति को घाव वाले अंग को स्थिर रखना चाहिये। यदि सर्पदंश वाली जगह पर किसी भी प्रकार का आभूशण, जूते, अंगूठी, घड़ी या तंग कपडा है तो उसको निकाल देना चाहिये। घाव को बांध कर रक्त संचार रोकने का प्रयास नहीं करना चाहियें। सर्पदंश वाले घाव को न काटे। सर्पदंश पीड़ति व्यक्ति को तुंरत नजदीकी अस्पताल ले जाना चाहिये। गोष्ठी में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री देवेन्द्र कुमार रायकवार, रूपाली दुबे, तृप्ती कटारे एंव सीएमओ कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कार पलटने से व्यापारी समेत दो दोस्तों की मौत, 3 घायल

**ललितपुर।** गुरूवार देर रात एक भीषण कार हादसे में व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि कार सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत रहने वाले व्यापारी दिव्यांश गुप्ता (25) अपने दोस्तों के साथ ललितपुर आए थे। दिव्यांश अपने दोस्त व्यापारी निखिल पस्तोर, 40 वर्षीय पत्रकार राहुल यज्ञिक पुत्र शिवनारायण, प्रिंस जैन (30) और निखिल चौबे (30) के साथ गुरुवार शाम एक कार्यक्रम में शामिल होने ललितपुर पहुंचे थे। रात करीब 10.30 बजे सभी लोग कार से चंदेरी लौट रहे थे। जैसे ही वाहन राजघाट मार्ग पर स्थित सिलगन गांव के पास पहुंचा, अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क से नीचे जा गिरी। हादसा देख ग्रामीण मौके पर पहुंचकर घायलों को मेडिकल कॉलेज लेकर गए। डॉक्टरों ने वहां राहुल यज्ञिक और निखिल पस्तोर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दिव्यांश गुप्ता की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### अमरपुर व गल्ला मंडी चौकी पुलिस को मिली सफलता

# आधा दर्जन जुआरी दबोचे, दो कार 32500 रुपए नकद बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अमरपुर मण्डी चौकी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर आधा दर्जन जुआरी धर दबोचे, सटोरियों के पास से हजारों रुपये, ताश की गडडी, दो कार बरामद की हैं। अमरपुर चौकी में तैनात उप निरीक्षक गौरव कुमार ने बताया कि वह उ.नि. मनोज कुमार, उ.नि. सुरेशचन्द, हे.कां.चन्द्रशेखर के साथ प्राईवेट वाहन से क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। ग्राम रोंडा के पास मुखबिर ने आकर उन्हें सूचना दी कि कुछ लोग मेडीकल कॉलेज के पास चार पहिया वाहन में बैठकर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं।

सूचना पर उन्होंने नवीन गल्ला मण्डी चौकी से उ.नि.मनोज खान, हे.कां. विक्रम सिंह को मौके पर बुला लिया और बताये स्थान पर पहुंचे। दोनों गाडिय़ों के अंदर लाइट जली हुयी थी, जहां दोनों गाडिय़ों में 3-3 लोग बैठकर हार-जीत की बाजी लगा रहे थे और सीट पर रुपये रखे हुये थे। मारूति बलेनो संख्या यू.पी.94 ए.डी. 5498 में बैठे लोगों को नीचे उतारकर तलाशी ली गयी। कार से पकड़े लोगों के नाम मोहल्ला जुगपुरा निवासी चन्द्रपाल पुत्र हरीसिंह, सिविल लाइन निवासी सुरेन्द्र साहू पुत्र चुन्नीलाल व सिद्धंनपुरा मंदिर के पास निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ रामनरेश पुत्र रतिभान सिंह बताया।

सुरेन्द्र ने बताया कि यह कार उसके भाई इन्दर की है। वहीं दूसरी गाड़ी मारूति स्विफ्ट डिजायर संख्या यू.पी. 14 सी.एक्स. 7373 है, जिसमें से थाना जखौरा के ग्राम चितरा निवासी चन्द्रभान सिंह पुत्र रामकृपाल, ग्राम नदनवारा निवासी रघुवीर प्रजापति पुत्र नन्दलाल और ग्राम लागौन निवासी अमित कुमार पुत्र सुखनन्दन जैन बताया गया। पकड़े गये सभी जुआरियों के पास से कुल 32500 रुपये, दो ताश की गड्डी बरामद किये गये। जुआरियों से बरामद की गयी दोनों कार को धारा 207 एमव्ही एक्ट में सीज किया गया। पुलिस ने पकड़े गये सभी जुआरियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### क्विज़ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया

# मेडिसिन से होने वाले हानि-लाभ बताए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पनारी ललितपुर के फार्मेसी विभाग द्वारा फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अं तर्गत तीसरे दिन क्विज़ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को दवाओं के सुरक्षित उपयोग, संभावित दुष्प्रभावों की पहचान एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद यादव एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों की उपस्थिति में हुआ। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नों में दवाओं की गुणवत्ता, फार्माकोविजिलेंस प्रणाली, औषधीय दुष्प्रभाव, रोगी सुरक्षा तथा फार्मेसी से संबंधित सामान्य ज्ञान शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने ज्ञान और तर्क क्षमता का परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर वक्ताओं ने फार्माकोविजिलेंस को रोगी सुरक्षा एवं दवाओं के सुरक्षित उपयोग हेतु आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों को इसे दैनिक अभ्यास में अपनाने का आह्वान किया। फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक असि०प्रो० पुष्पेंद्र गौतम, असि०प्रो० सरस्वती कुर्मी असि०प्रो०, करन, असि०प्रो० अरविन्द अहिरवार, असि०प्रो० नीतेश विश्वकर्मा, असि०प्रो० अश्विनी प्रजापति, सुरभि झा असि०प्रो० मानसी यादव असि०प्रो० नेहा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन असि०प्रो० सुरभि झा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया।

घर पहुंची पुलिस के साथ की गाली-गलौज, हाथापाई पर हुए उतारू

# चेक बाउंस मामले पर भाजपा नेता पहुंचे पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

**चेक बाउंस के मामले में राजगढ़ की शिवधाम कालोनी घर पर पहुंची ब्यावरा देहात थाने की पुलिस पर भाजपा नेता का गुस्सा फूट पड़ा। गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर भाजपा नेता ने गाली-गलौज करते हुए सरकार और कानून हमारे हाथों में होने की बता करते हुए बहुत कुछ कह दिया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम मंडलोई पर 9 लाख रुपए का चेक बाउंस का मामला था जिसमें चार माह पहले ही उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था जिस पर पुलिस कार्रवाई करने पहुंची थी। इस बारे में जब भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिह गुर्जर से बात की गई तो उन्होने इस बात पर अनभिज्ञता जाहिर की। हालांकि देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिनको बाद में जमानत पर छोडा गया। वहीं श्याम मंडलोई से बात करने की लगातार कोशिश की गई परंतु उनसे परिजन फोन उठाते रहे उनसे बात नहीं हो पाई।

### ब्यावरा देहात थाने से पहुंची थी पुलिस टीम

भाजपा नेता की राजनीतिक दबाव में कई महिने मामले को टालने के बाद आखिरकार पुलिस को कार्रवाई करना ही पडी जिसमें एएसआई कैलाशचंद व्यास, पुदुम्न अहिरवार ,प्रधान आरक्षक बिंदु सिंह एवं आरक्षक रवि मौर्य की टीम राजगढ शिवधाम श्याम मंडलोई के घर पर पहुंची थी। इस कार्रवाई के दौरान गाली-गालौच व धक्का-मुक्की के कारण पुलिस टीम का भी मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।

### नेता बोले- हमारी सरकार है तुम्हारी क्या औकात

घर पर पहुंची ब्यावरा पुलिस की टीम पर नेताजी इतने भड़क गए की वह अपना आपा ही खो बैठे और चिल्लाते हुए पुलिस से बोले की हमारी सरकार है और तुम्हारी क्या औकात है जो तुम मुझे गिरफ्तार करोगे। घर की महिलाओ ने भी पुलिस टीम के साथ अभद्रता की।

### पूर्व ऊर्जा मंत्री बोले - इन्हें लगता है पुलिस इनकी गुलाम है

वहीं कांग्रेस सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे प्रियव्रत सिंह ने भी भाजपा नेता की इस करतूत पर टिप्पणी करते हुए कहा की भाजपा की आदत है कि इस तरह का व्यवहार करती है जैसे पुलिस इनकी गुलाम हो और कानून का राज खत्म हो गया हो।

# असम से आए दल ने समझी 'हर घर, नल से जल' व्यवस्था

## अधिकारी बोले-अपने राज्य में अपनाएंगे जल सप्लाई यह मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामों में की जा रही जल सप्लाई व्यवस्था को देखने और 24 घंटे जल सप्लाई के नवाचार की बारीकियां समझने गुरुवार को असम के पीएचई विभाग के अधिकारियों का एक दल राजगढ़ पहुंचा।

दल के सदस्यों ने सबसे पहले 'मोहनपुरा परियोजना के अंतर्गत डब्ल्यूटीपी प्लांट पहुंचकर वॉटर प्यूरीफिकेशन और फिल्टरेशन की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान दल में शामिल असम लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रतुल चैधरी, संजीव पाठक सहित अन्य अधिकारियों ने स्क्वाडा सिस्टम को बारीकी से जाना। साथ ही उन्होंने असम राज्य और मप्र राज्य में वॉटर प्यूरीफिकेशन और फिल्टरेशन की प्रक्रिया के अंतर और पम्पिंग में भिन्नता भी बताई। इस अवसर पर जल निगम राजगढ़ के महाप्रबंधक एस.के. जैन ने दल के सदस्यों को प्रदेश में नवाचार की मिसाल बने



जिले के 40 गांवों में शुरू की गई 24 घंटे जल सप्लाई की विशेषताओं और चुनौतियों की जानकारी भी दी।

### अपने राज्य में भी शुरू करेंगे ऐसा नवाचार

इसके बाद दल के सदस्य जिले के नियमित जल सप्लाई वाले पहले गांव कुंडीबे भी पहुंचे। जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से 24 घंटे सप्लाई के कारण ग्रामीणों की संतुष्टि देख इस योजना की सराहना की। साथ ही असम राज्य में इस तरह के नवाचार शुरू कराने की बात भी कही। दल सदस्यों ने गोरखपुरा डब्ल्यूटीपी प्लांट का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर डिप्टी मैनेजर टेक्निकल कुंडलिया सचिन दांगी, ओएंडएम डीटीएल सत्येंद्र जैन, प्रभारी टीएलयोगेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षिका ने साइबर सेल एवं बैंक प्रबंधन पहुंचकर की लिखित

# 'एपीके' फाइल डाउनलोड होते ही शिक्षिका के खाते से उड़े डेढ़ लाख

## ऑटो डाउनलोड मोड पर था वाट्सएप, स्वतः डाउनलोड हो गई खतरनाक फाइल




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साइबर अपराधों से जुड़े बदमाश इन दिनों लोगों को 'एपीके' जैसी खतरनाक फाइलें भेजकर चूना लगा रहे हैं। जिन लोगों के मोबाइल का वाट्सएप ऑटो डाउनलोड मोड पर होता है, उनके मोबाइल में ये फाईलें स्वतः ही डाउनलोड हो जाती हैं और लोग धोखाघड़ी का शिकार होकर अपनी गाड़ी कमाई का पैसा लुटा बैठते हैं।

राजगढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डाइट) में पदस्थ एक शिक्षिका के साथ भी ऐसा ही हुआ। उनका मोबाइल ऑटो डाउनलोड मोड पर होने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा अननोन नंबर से भेजी गई 'डॉट एपीके फाइल' स्वतः ही डाउनलोड हो गई और बगैर किसी तरह की ओटीपी दिए संबंधित शिक्षिका के खाते से अलग-अलग दिनांकों में डेढ़ लाख रुपए की राशि फ्राडर्स के खातों में ट्रांसफर हो गई। अब पीड़िता शिक्षिका ने इस बारे में जिले की सायबर सेल एवं बैंक प्रबंधन में शिकायत करते हुए अकाउन्ट से कटी राशि वापस दिलवाने की मांग की है।

### 50-50 हजार करके तीन बार में कटे डेढ़ लाख रुपए

संबंधित शिक्षिका ने बताया पहले अननोन नंबर से एसबीआई के लोगो वाली डीपी से 'एपीके' फाइल स्वतः डाउनलोड हो गई क्योंकि वाट्सएप ऑटो डाउनलोड मोड पर था। यह 'एपीक' फाइल डाउनलोड होने के बाद बगैर कोई ओटीपी के बताए 11,12 एवं 13 सितंबर को उनके खाते से तीन बार में 50-50 हजार रुपए की राशि अन्य खाते में ट्रांसफर हो गई। जब उन्होंने बैलेंस चेक किया तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाघड़ी के बारे में मालूमात हो पाई जिसके बाद उन्होंने सायबर सेल और बैंक प्रबंधन पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

### अन्य लोगों को आपके नंबर से जाने लगते हैं मैसेज

एपीके फाइल आपके मोबाइल में डाउनलोड होने पर आपका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके उपरान्त आपके ही नंबर से विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों सहित पसर्नली लोगों को किसी भी बैंक या विश्वसनीय फाईनेंसशियल कंपनी के फर्जी पत्र के साथ एपीके फाईल डाउनलोड करने के लिए भेजी जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आपके वाट्सएप का ऑटो डाउनलोड मोड बंद होना चाहिए ताकि कोई भी फाईल बगैर क्लिक करे स्वतः डाउनलोड न होने पाए।

### इनका कहना है...

जो भी व्यक्ति वाट्सएप यूज करता है, उसे ऑटो डाउनलोड मोड बंद कर देना चाहिए ताकि फ्राड से संबंधित फाईल अपने आप डाउनलोड न होने पाए। किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल में 'डॉट एपीके' फाईल डाउनलोड या इन्सटॉल नहीं करनी चाहिए। इस तरह की फाईल मोबाइल के मेलवेयर में चली जाती हैं और मोबाइल का कन्ट्रोल सायबर अपराधियों के पास पहुंच जाता है जिससे किसी भी तरह की धोखाघड़ी हो सकती हैं।

\- शकील अंजुम
सायबर एक्सपर्ट, राजगढ़

# कथा का श्रवण जीवन में परिवर्तन लाता है- पं. नागर

## श्रीमद्भागवत कथा का महाप्रसादी के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



नगर के व्यापारी नवीन अग्रवाल द्वारा माता-पिता की स्मृति में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था जो गुरुवार को महाप्रसादी के साथ समापन हुआ। सात दिवसीय इस कथा में मुख्य यजमान सौम्या यश अग्रवाल थे वही भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित नरेन्द्र नागर ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रमुख बाल लीलाओं में मक्खन चोरी, गोवर्धन लीला के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने छोटी उंगली पर पूरा पर्वत उठा लिया था। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण करने से मन शुद्ध होता है और जीवन में परिवर्तन लाता है। कथा के दौरान सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी गई। गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र एवं भक्त भगवान का मिलाप, परिक्षित मोक्ष कथा विश्राम, हवन, पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया।

# आजीविका मिशन से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## सेवा पखवाड़े के तहत आयोजन, विभिन्न विभागों का प्रयास

**राजगढ़।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सद्गुरू नेत्र संस्थान के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया।

शिविर में न केवल महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया बल्कि नेत्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही महिलाओं को चश्मे इत्यादि भी वितरित करवाए गए। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक संदीप सोनी ने बताया कि इस दौरान सीएलएफ विकासखंड राजगढ़ की



साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सीएलएफ के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया एवं सीएलएफ की वार्षिक कार्ययोजना बनाई गई। इसके साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट उपस्थितजनों को पढ़कर सुनाते हुए कार्यकारिणी के एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा, कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा, मानदेय का अनुमोदन, नवीन केडर संबंधी कार्ययोजना तैयार की गई।

### शांति समिति बैठक हुई संपन्न

सुठालिया। बुधवार को आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें झांकी पंडाल के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में रखी गई बैठक में नवरात्रि एवं दशहरा दहन के विषय पर चर्चा हुई जिसमें नगर में विद्युत लाईट एवं रावण दहन का समय 8बजकर 30 बजे पीला खाल स्थित पर होगा हर वर्ष की तरह पुलिस द्वारा व्यवस्था हर चैराहे एवं बड़े बाग गरबा स्थल पर रहेगी इस मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया थाना प्रभारी प्रवीण जाट आशिष दूवे महेश पालीवाल ओम पालीवाल आकाश अग्रवाल दरोगा कुलदीप राठौर बी के तिवारी पवन सोलंकी राजू सोंधिया आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर अस्पताल परिसर में जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाई



**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा एवं प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ शासकीय अस्पताल परिसर से प्रारंभ किया गया। स्वच्छता के साथ-साथ ग्रीन पार्क स्थल पर एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण भी किया गया। इस दौरान विधायक सहित जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद कर्मचारीयों ने झाड़ू लगाई। अस्पताल में मरीजों को विधायक हजारीलाल दांगी, अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व मंण्ड़ी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष बलराम टांक, शिव मण्ड़लोई, ईश्वरसिंह तोमर, हेमंत जोशी, कमल झावा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी, ओंकार मंडलोई, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद कर्मचारी अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि ने फल वितरित किए। तथा विधायक के द्वारा आईएसएस घटक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में सब्सिडी के संबंध जानकारी दी।

फसलें खराब होने के कगार

# सारंगपुर में दो घंटे की बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



गुरुवार दोपहर 12 बजे से करीब दो घंटे तक हुई तेज बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया, जिससे कटी पड़ी सोयाबीन की फसलें खराब होने के कगार पर हैं।

जानकारी के अनुसार हराना, ईंचीवाड़ा, पटाड़िया डाबी, भैंसवामाता, साबरस्या, निपानिया तुला, दराना, कलाली, भूमका, भ्याना, खजुरिया हरि सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसान पहले ही पीला मोजेक वायरस और अफलन से जूझ रहे थे। ऐसे में यह नई बारिश उनकी बची हुई उम्मीदों पर भी पानी फेर रही है। किसानों का कहना है कि 15 दिन से मौसम साफ रहने के बाद फसल पकने पर कटाई शुरू की गई थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पड़ी फसलें सड़ने का खतरा है। किसानों का कहना है कि सरकार को बीमा और राहत राशि के लिए जल्द कदम उठाना चाहिए, ताकि उनकी मेहनत पूरी तरह बर्बाद न हो।

# ग्रामों में पहुंचा सर्वे दल, क्रॉप कटिंग से होगी वास्तविक स्थिति की जांच



सारंगपुर। शासन के निर्देशों के तहत बुधवार को सारंगपुर के निकट ग्राम बालोडी में सर्वे दल पहुंचा। इस दौरान किसानों की फसलों का निरीक्षण किया गया। सर्वे दल में तहसीलदार आकाश शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश राजपूत, हल्का पटवारी राधेश्याम भिलाला, ग्राम सेवक राकेश परमार सहित ग्रामीणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर तहसीलदार आकाश शर्मा ने कहा कि किसानों की फसलों की वास्तविक स्थिति का पता क्रॉप कटिंग से ही लगाया जा सकेगा। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को शीघ्र ही क्रॉप कटिंग करने के निर्देश दिए। वही किसानों का कहना है कि समय पर सर्वे और क्रॉप कटिंग से उन्हें फसल नुकसान का सही आकलन मिल सकेगा और राहत राशि का लाभ भी समय पर मिल पाएगा।

आनंद मेले में व्यंजनों का लुत्फ उठाया

# पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**कालापीपल।** अग्रवाल समाज के प्रर्वतक महाराज अग्रसेन का जयंती पर्व इस बार भी अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसके लिए आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को शाम 7 बजे महाराज अग्रसेन एवं मां लक्ष्मी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यहां लगे दो दर्जन स्टालों पर समाजजनों ने विभिन्न व्यंजनों का आंनद लिया। बच्चों के लिए लक्की गेम से लेकर गर्मागर्म व्यंजन एवं मिठाई स्टाल पर नजर आई। देर रात तक समाजजन यहां मौजूद रहे।



अग्रवाल समाज अध्यक्ष अनिल गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू संजय अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंकित गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को महिलाओं एवं बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बच्चों द्वारा एक माह से ग्रुप डांस, लघु नाटिकाएं, फैंसी ड्रेस में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को महाराज अग्रसेन का चल समारोह निकाला जाएगा जो नगर के मुख्य मार्गों से निकलेगा।

400 से अधिक युवतियों, महिलाओं ने करवाया है पंजीयन

# 3 दिन तक चलेगा समर्पण गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत वर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी चैत्र नवरात के तीन दिवसों में नजरबाग हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में समर्पण गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाने वाला है। स्थानीय राजमहल परिसर में 25 से 27 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस भव्य महोत्सव के लिए लगभग 400 से अधिक युवतियों, महिलाओं ने अपना पंजीयन करवाया है।

इस भव्य आयोजन के लिए बीते कईं दिनों से संस्कृति होटल में अभ्यास करवाया जा रहा है। स्थानीय सहित बाहर से बुलवाए गए 4 कोरियोग्राफरों द्वारा करवाई जा रही इस रिहर्सल में कईं कपल्स सहित महिलाएं उत्साह के



साथ सम्मिलित हो रही हैं। वही इस बार प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में मातृशक्ति, दूसरे में कपल्स गरबा होगा एवं उसके उपरान्त सामुहिक गरबा भी खेला जाएगा। आयोजन समिति ने दर्शकों के बैठने हेतु भी सुव्यवस्थित अरेंजमेंट किया है।

**चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्थाः** कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर न केवल आयोजन समिति बल्कि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। आयोजन स्थल राजमहल ग्राउंड में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। राजगढ़ पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्काउट-गाइड और विशेष रूप से बुलाए गए बॉडीगाड्र्स गरबे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सम्हालेंगे ताकि मातृ-शक्तियों के साथ कोई अभद्रता न करने पाए। इसके साथ ही गरबे में भाग ले रही महिलाओं, बालिकाओं और कपल्स की एंट्री केवल पास के जरिए ही होगी जिससे सुरक्षा और अनुशासन दोनों सुनिश्चित रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस बार के गरबे में अलग-अलग राज्यों की टीमें भी अपना परफॉर्मेंस देंगी। आयोजन को लेकर गत दिवस क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने भी रिहर्सल स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आयोजकों को आवश्यक सुझाव दिए।

# ईश्वर के सामने हाथ फैलाया तो किसी के सामने हाथ फैलाने कि आवश्यकता नहीं : पंडित अनुराग

**जीरापुर।** शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग शर्मा आचार्य ने बताया कि ईश्वर शिव महादेव कीभक्ति बहुत आसान है भोले जल्दी ही अपने भक्तों पर कृपा कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर के सामने हाथ फैलाया करो तो हमें किसी के सामने हाथ फैलाने कि आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कथा श्रवण करते समय हमारे पाप पास में नहीं होते हैं लेकिन कथा में से बीच में उठकर हम गये तो वह हमें विचलित करेंगे। कथा श्रवण में ईश्वर का नाम सुमिरण करते रहना चाहिए। राजा दक्ष के यहां सती का जन्म हुआ जो शिव भक्त थीं।सती शिव की भक्ति उपासना करतीं थीं।किसी भी तरह का घमण्ड़ या अभिमान हमारे लिए नुकसान का कारण बनता है।दक्ष प्रजापति को अभिमान आया था और उसका परिणाम भी उन्होंने भुगता है।कथा के माध्यम से बताया कि जिसका परिवार अच्छा उसके सप्ताह के सभी वार अच्छे होते हैं। शिव ऐसे भगवान है जो अपने से ज्यादा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं।कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिलाएं कथा श्रवण कर भक्ति मय हो रही।